भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने अंतर संसदीय संघ की 145वीं बैठक के दौरान पाकिस्तान द्वारा कश्मीर के संबंध में दिए गए बयान का खंडन किया

कैंप ऑफिस, किगाली, रवांडा; 14 अक्तूबर, 2022: राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल इस समय किगाली, रवांडा में अंतर संसदीय संघ की 145वीं बैठक में भाग ले रहा है। 13 अक्तूबर 2022 को राज्य सभा के उपसभापति ने आपातकालीन मद पर आयोजित सत्र में भाग लिया। चर्चा के दौरान, पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में कुछ आपत्तिजनक बयान दिए, जिसके संबंध में उत्तर के अधिकार का प्रयोग करते हुए राज्य सभा के उपसभापति ने उक्त बयान का उचित रूप से खंडन किया।

सांसद, श्रीमती अपराजिता सारंगी ने "संसद का कायाकल्प : युवा सदस्यों वाली और महिलाओं के प्रति संवेदनशील संस्थाएं अधिक प्रभावी और कुशल क्यों हैं" विषय पर हुई चर्चा में भाग लिया। सांसद, डॉ. सस्मित पात्रा ने शांति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति द्वारा " युद्ध और नागरिक आबादी पर अत्याचार का प्रभाव" विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में भाग लिया। सांसद, श्रीमती अपराजिता सारंगी ने उपरोक्त समिति द्वारा " युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न वैश्विक खाद्य असुरक्षा " विषय पर आयोजित चर्चा में भाग लिया। सांसद, श्री विष्णु दयाल राम ने जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

राज्य सभा के उपसभापति और शिष्टमंडल के अन्य सदस्यों ने जाम्बिया के संसदीय शिष्टमंडल के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी की। राज्य सभा के उपसभापति ने "अधिक सुदृढ़ और शांतिपूर्ण विश्व के लिए परिवर्तनकारी कारक के रूप में लैंगिक समानता और महिलाओं के प्रति संवेदनशील संसद" विषय पर हुई आम चर्चा के दौरान सभा में उपस्थित संसदों के गणमान्य अध्यक्षों और सांसदों को संबोधित किया।